देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 144 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...स्कूल बंद होने का नुकसान




# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 6 सितंबर 2020





मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 22.0°

38040.57

2 थाईलैंड ने चीन को दिया दोहरा झटका

7 सीएसके ने कैप्शन में लिखा- शेर राजा


## संक्षिप्त समाचार

### तेहरान रवाना हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का रूस दौरा अब खत्म हो गया है। वह तेहरान रवाना हो गए हैं। उन्होंने बताया कि तेहरान में वह अपने ईरानी समकक्ष ब्रिगेडियर जनरल अमीर हातमी के साथ बातचीत करेंगे। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को मास्को में उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और ताजिकिस्तान के अपने समकक्षों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मध्य एशिया के इन प्रमुख देशों के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

### नड्डा का दावा, ओडिशा में जल्द बनेगी बीजेपी की सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि वह दिन दूर नहीं जब ओडिशा में भाजपा की सरकार बनेगी। नड्डा ने शनिवार को प्रदेश कार्यकारिणी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि हमें इस बात को लेकर संतोष है कि आज एक लंबी लड़ाई के बाद विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल के रूप में भाजपा आई है। इसके साथ ही भाजपा अध्यक्ष ने ओडिशा में आगामी चुनावों में 50 फीसद से ज्यादा वोट हासिल करने का लक्ष्य रखा।

### चीन के साथ बातचीत का नतीजा क्या निकला?: कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत-चीन के बीच बॉर्डर पर बढ़ी टेंशन को लेकर कांग्रेस ने बीजेपी सरकार पर कड़ा हमला किया है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सवाल पूछे हैं। कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से आग्रह किया कि वह चीन के साथ चल रहे गतिरोध को लेकर देश को विश्वास में लें। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने सवाल किया कि चीन के साथ विभिन्न स्तरों पर हुई बातचीत का नतीजा क्या निकला?

# चीन को भारत की खरी-खरी

## राजनाथ ने फेंघे से कहा- हमारे इरादे को लेकर भ्रम न पालें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को कड़े और स्पष्ट शब्दों में कहा है कि पूर्वी लद्दाख में तनाव का एकमात्र कारण चीनी सैनिकों का आक्रामक रवैया है और ऐसा चलता रहा तो भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उन्होंने रूस की राजधानी मॉस्को में चीन के रक्षा मंत्री जनरल वेइ फेंघे से हुई बातचीत के दौरान यह संदेश दे दिया है।

शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के इतर भारत-चीन के रक्षा मंत्रियों के बीच हुई बातचीत को लेकर ट्विटर पर दी गई जानकारी में कहा गया है कि भारत सीमा प्रबंधन के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है और निभाता रहेगा, लेकिन अपनी संप्रभुता और अखंडता से कभी कोई समझौता नहीं करेगा। एक ट्वीट में कहा

**आक्रामक व्यवहार छोड़कर ही शांति की ख्वाहिश कर सकता है चीन**

गया है, श्रक्षा मंत्री ने कहा कि बॉर्डर मैनेजमेंट के प्रति भारतीय सैनिकों का रवैया हमेशा से बहुत जिम्मेदाराना रहा है, लेकिन भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने चीन को सलाह दी कि अगर चीन सीमा पर शांति और स्थिरता की दरकार महसूस करता है तो उसे ऐसा व्यवहार करना चाहिए जिससे आपस के मतभेद कभी विवाद नहीं का रूप नहीं ले सकें। रक्षा मंत्री कार्यालय ने अपने बयान में कहा, श्रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों को (दोनों देशों के) नेताओं के बीच बनी सहमतियों के अनुसार कदम

**राजनाथ ने चीन की इन हरकतों पर जताई नाराजगी**

रक्षा मंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है, रक्षा मंत्री ने (बातचीत के दौरान) चीनी सैनिकों की कार्रवाइयों, उनका आक्रामक व्यवहार और द्विपक्षीय संधियों का उल्लंघन करते हुए जमीनी हालात को एकतरफा बदलने की कोशिश के मुद्दे पर जोर दिया। उन्होंने सीमा पर चीन की तरफ से बड़ी संख्या में फौजियों को भेजने का मुद्दा भी उठाया।



उठाना चाहिए क्योंकि द्विपक्षीय रिश्तों में आगे बढ़ने के लिए भारत-चीन सीमा पर शांति और स्थिरता जरूरी है। इसलिए दोनों पक्षों को अपने मतभेदों को विवाद का रूप नहीं देना चाहिए।

**तनाव कम की दिशा में भारत के साथ काम करे चीनः** आगे कहा गया है, रक्षा मंत्री ने सलाह दी कि पेंगोंग झील समेत संघर्ष वाले तमाम इलाकों से जल्द-से-जल्द सैनिकों को हटाने की दिशा में चीन को भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए। साथ ही, द्विपक्षीय संधियों और प्रॉटोकॉल्स के मुताबिक सीमा पर तनाव खत्म करना चाहिए।श रक्षा मंत्री ने कहा कि ताजा हालात को

**पूरी जिम्मेदारी भारत की, चीनी सेना सक्षम**

चीन के रक्षा मंत्रालय मे बयान जारी कर कहा कि सीमा पर भारत और चीन के बीच मौजूदा तनाव की वजह और सच बहुत साफ है और जिम्मेदारी पूरी तरह से भारत की है। बयान में कहा गया- श्चीन अपने क्षेत्र को नहीं गंवा सकता है और चीनी सेना राष्ट्रीय संप्रभुता और अखंडता के लिए पूरी तरह से दृढ़, आत्मविश्वासी और काबिल है।

जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से निपटना चाहिए और किसी भी पक्ष को आगे कोई ऐसी कार्रवाई नहीं करनी चाहिए जिससे स्थिति और पेचीदा हो जाए या सीमाई इलाकों में तनाव और बढ़ जाए।

# 12 सितंबर से 80 नई विशेष ट्रेनें शुरू की जाएंगी

## आरक्षण 10 सितंबर से होगा शुरूः रेलवे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में 12 सितंबर से 80 नई विशेष ट्रेनें शुरू की जाएंगी और इन ट्रेनों में यात्रा के लिए आरक्षण 10 सितंबर से शुरू हो जाएगा। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने शनिवार को बताया कि जल्द ही इस बारे में अधिसूचना जारी हो जाएगी। ये स्पेशल ट्रेनें मौजूदा वक्त में चल रही 230 ट्रेनों के अतिरिक्त होंगी। इन विशेष ट्रेनों के परिचालन की निगरानी की जाएगी। जरूरत के हिसाब से जहां भी नई ट्रेन की मांग होगी या लंबी प्रतीक्षा सूची होगी वहां क्लोन ट्रेनें चलाई जाएंगी। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वीके यादव ने बताया कि परीक्षाओं के लिए या ऐसे ही किसी उद्देश्य के लिए राज्य सरकारों से अनुरोध किए जाने पर ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि भले ही कोरोना संकट की वजह से कुछ निविदा और भूमि

**2,255 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ**

रेलवे के इतिहास में यह पहला मौका था जब टिकट रिफंड की गई राशि, कमाई हुई राशि से ज्यादा पाई गई। रिपोर्ट के मुताबिक अकेले पश्चिम रेलवे को ही कुल 2,255 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। इसमें उपनगरीय खंड को 339 करोड़ जबकि गैर-उपनगरीय रेलवे को 1,916 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। अब जब सरकार ने अनलॉक-4 की घोषणा कर दी है, रेलवे ने भी अपनी सेवाओं को गति देने में जुट गया है।



अधिग्रहण प्रक्रिया पर असर पड़ा हो लेकिन बुलेट ट्रेन परियोजना में अच्छी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, पटरियों के किनारे जमा कचरा हटाने के लिए दिल्ली सरकार और रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से संयुक्त रूप से कदम उठाए गए हैं।

बता दें कि कोरोना वायरस की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के दौरान रेलवे को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, कोरोना संकट के चलते रेलवे ने मार्च से लेकर 23 अगस्त्त तक एक करोड़ 78 लाख से अधिक टिकट रद किए थे। इस दौरान रेलवे ने 2,727 करोड़ रुपये की राशि लोगों को रिफंड की थी। आरटीआई से सामने आए जवाब में कहा गया है कि रेलवे ने 25 मार्च से पांच महीने के दौरान कुल 1 करोड़ 78 लाख 70 लाख 644 टिकट रद किए थे।

# शौविक-सैमुअल 9 सितंबर तक एनसीबी की रिमांड पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत के केस में ड्रग्स का ऐंगल सामने आने के बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने अपनी जांच पूरी तेजी से आगे बढ़ा दी है। शुक्रवार को एनसीबी ने रिया चक्रवर्ती के भाई शौविक चक्रवर्ती और सुशांत के हाउस मैनेजर सैमुअल मिरांडा को हिरासत में लिया। शनिवार को शौविक और सैमुअल को कोर्ट ने 9 सितंबर तक एनसीबी की रिमांड में भेज दिया है। वहीं, कोर्ट द्वारा ड्रग्स पेडलर काइजन इब्राहिम को जमानत मिल गई है।

एनसीबी के साउथ वेस्ट रीजन के डेप्युटी डीजी मुथा अशोक जैन ने केस में मीडिया की तरफ से मिल रहे सपोर्ट की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि अभी हम इस मामले में जांच कर रहे हैं और जल्द ही ज्यादा जानकारी सामने आएगी। अशोक जैन ने कहा कि वह ड्रग रैकेट में अंतरराज्यीय और अंतराष्ट्रीय कनेक्शन की जांच कर रहे हैं।

**सुशांत सिंह केस**

ड्रग्स पेडलर काइजन इब्राहिम को मिली जमानत

**रिया चक्रवर्ती की गिरफ्तारी पर नहीं दिया जवाब**

ड्रग चैट सामने आने के बाद एनसीबी की जांच में ड्रग डील में रिया चक्रवर्ती का अहम रोल सामने आया है। रिया चक्रवर्ती से रविवार को एनसीबी पूछताछ कर सकता है। रिया से पूछताछ और उनकी संभावित गिरफ्तारी पर एनसीबी अधिकारियों ने कोई भी जवाब देने से इनकार कर दिया है।

अभी तक 2 आरोपियों के आज रिमांड पर आने के बाद कुल 4 आरोपी एनसीबी की रिमांड में हैं। उन्होंने कहा कि आमने-सामने बैठाकर पूछताछ में कुछ और बातें सामने आएंगी।

एनसीबी ने अभी मीडिया को ज्यादा जानकारी नहीं दी है लेकिन उन्होंने कहा है कि वक्त आने पर बाकी की जानकारी मीडिया से साझा की जाएगी।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# अरुणाचल से 5 भारतीय नागरिकों को ले गई चीनी सेना?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ईटानगर। सीमा पर भारत और चीन के बीच तनाव एक बार फिर से चरम पर है। इस बीच 5 भारतीय नागरिकों के अपहरण की खबर ने हंगामा मचा दिया है। अरुणाचल प्रदेश के कांग्रेस विधायक निनॉन्ग एरिंग ने दावा किया है कि अरुणाचल बॉर्डर से चीनी सेना ने 5 भारतीय नागरिकों का अपहरण किया है। इन

**परिवार के आरोपों के बाद जांच शुरू**

आरोपों के सामने आने के बाद अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उन रिपोर्टों का संज्ञान लिया है, जिनमें दावा किया जा रहा था कि अपर सुबानसिरी जिले के जंगल में शिकार पर गए 5 भारतीय नागरिकों का चीनी सेना ने अपहरण कर लिया है।

घटना शुक्रवार को जिले के नाचो इलाके की बताई जा रही है। कथित तौर पर गुमशुदा हुए लोगों के परिवार ने बताया कि 2 और लोग उनके साथ थे, जो वहां से मौका रहते भाग निकले। एसपी तरु गुस्सर ने कहा, मैंने नाचो थाने के प्रभारी को इलाके में जांच के लिए भेजा है और तुरंत रिपोर्ट सबमिट करने के लिए कहा है।